संख्या-64/2021/1033/22-2-2020-ई-17(420)/2020

प्रेषक,

करूणेश कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 24 मई, 2021***

विषय:- केन्द्रीय कारागार नैनी, प्रयागराज में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी रहमत पुत्र श्री सुबराती निवासी जनपद-फतेहपुर की दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-27411/प्रोबे0-5-दया0 बैठक 28.09.2020, दिनांक 02.11.2020 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार बन्दी रहमत पुत्र श्री सुबराती, सुकैती, थाना-गाजीपुर, जनपद-फतेहपुर वर्तमान पता-दूलापुर खरिका, थाना-ललौली, जनपद-फतेहपुर का निवासी है। बंदी द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर दिनांक 21.11.1989 को 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तमंचा व डण्डा से मारकर 03 व्यक्तियों की हत्या कारित की गयी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-133/1990 में भा0द0वि0 की धारा- 302/34 के अन्तर्गत मा0 न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ0टी0सी0 सं0-02, फतेहपुर के आदेश दिनांक 07.07.2004 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया जिसे मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 24.07.2017 द्वारा यथावत रखा गया है। बन्दी द्वारा दिनांक 31.08.2020 तक 17 वर्ष 11 माह 13 दिन की अपरिहार सजा तथा 21 वर्ष 03 माह 28 दिन की सपरिहार सजा काटी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट@ पुलिस अधीक्षक द्वारा बंदी की समयपूर्व रिहाई की दशा से पुन: अपराध की सम्भावना होने की आख्या अंकित करते हुए बंदी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। दयायाचिका समिति द्वारा बंदी द्वारा कारित अपराध की प्रकृति एवं जिला मजिस्ट्रेट तथा अधीक्षक, फतेहपुर द्वारा बंदी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं किये जाने के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी रहमत (बन्दी संख्या-6316/2004) पुत्र श्री सुबराती निवासी जनपद-फतेहपुर की संविधान के अनुच्छेद-161 के अन्तर्गत दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा **अस्वीकार** कर दी गयी है। कृपया उपरोक्त से बन्दी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

करूणेश कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-64/2021/1033(1)/22-2-2020 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, जनपद- फतेहपुर।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार नैनी, प्रयागराज।
3- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

कृष्ण कुमार सिंह
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in